09H(A)

HINDI

(Second language)

Parts A and B

Time : 3 hours 15 minutes] ***[Maximum Marks : 80***

Instructions :

1. Read the following Question Paper and understand every question thoroughly. 15 minutes time is allotted for this.
2. Answer **all** the questions as directed.
3. **Part-'A'** questions are to be written in the separate answer booklet.
4. Write the answers to the questions under **Part-'B'** on the Question Paper itself and attach it to the answer booklet of **Part-'A'**.

PART - A

Time : 2 hours 45 minutes ***Marks : 60***

I. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(अ) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए। **5×1=5**

डॉ. अंबेड्कर उच्च शिक्षा पूरी कर भारत लौट आये। यहाँ वडोदरा महाराज के सैनिक सचिव पद पर नियुक्त हुए। बाद में मुंबई जाकर सीडेनहोम कॉलेज में अर्थशास्त्र के प्रोफेसर नियुक्त हुए। किंतु कुछ लोगों की संकीर्ण विचारधारा से दुखी होकर नौकरी से त्यागपत्र दे दिया। इतना होने पर भी आपका आत्मबल कभी कम नहीं हुआ। आपका दृढ़ विश्वास था, 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत।' सन् 1919 में लंदन जाकर अपने अथक परिश्रम से एम.एससी., डी.एससी. और बैरिस्ट्री की उपाधि प्राप्त की।

सन् 1923 में मुंबई के उच्च न्यायालय में आपने वकालत शुरू कर दी। अनेक कठिनाइयों के बावजूद आप आगे बढ़ते गये। एक मुक़दमे में आपने अपने ठोस तर्कों से अभियुक्त को फाँसी की सज़ा से मुक्त करा दिया। इसके बाद वकालत की दुनिया में भी आपके चार चाँद लग गये।

1. डॉ. अंबेड्कर भारत लौटकर कहाँ नियुक्त हुए?
2. डॉ. अंबेड्कर ने नौकरी से त्यागपत्र क्यों दे दिया?
3. इनका विश्वास क्या था?

https://www.telanganaboard.com

4. डॉ. अंबेड्कर ने लंदन में कौनसी उपाधि प्राप्त की?

5. डॉ. अंबेड्कर किस नगर में वकालत करते थे?

(आ) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए। **5 × 2 =**

विश्व की सबसे अमूल्य और आश्चर्यजनक धातु रेडियम है। इस अमूल्य धातु में मनुष्य का कल्याण करने की अमोघ शक्ति छिपी है। कैंसर जैसे प्राण-घातक रोग की चिकित्सा में भी रेडियम अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हुआ है। रेडियम का आविष्कार मादाम क्यूरी ने किया था। उसका जन्म पोलैण्ड के वार्सा नगर में हुआ था। उसके पिता गणित और विज्ञान के अध्यापक थे। पिता के नौकरी से निवृत्त होने पर मादाम क्यूरी ने बच्चों को पढ़ाकर घर का निर्वाह किया।

मादाम क्यूरी स्त्री-शिक्षा का प्रचार करने के लिए मज़दूरों के घर जाकर स्त्रियों को पढ़ना लिखना सिखाती थी। उन्होंने एक निःशुल्क पुस्तकालय की स्थापना भी की थी।

6. गद्यांश में किस धातु का उल्लेख है?

7. रेडियम किस रोग की चिकित्सा में उपयोगी है?

8. मादाम क्यूरी घर का निर्वाह कैसे करती थी?

9. उन्होंने मज़दूरों के लिए क्या किया?

10. गद्यांश के लिए शीर्षक लिखिए।

(इ) निम्नलिखित में से ***किसी एक*** पद्यांश के प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **5 × 1 =**

11. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए।

दादुर टर-टर करते झिल्ली बजती झन-झन,
'म्यव-म्यव' रे मोर, 'पीउ' 'पीउ' चातक के गण।
उड़ते सोन बलाक, आर्द-सुख से कर क्रंदन,
घुमड़-घुमड़ गिर मेघ गगन में भरते गर्जन॥

रिमझिम-रिमझिम क्या कुछ कहते बूँदों के स्वर,
रोम सिहर उठते छूते वे भीतर अंतर।
धाराओं पर धाराएँ झरती धरती पर,
रज के कण-कण में तृण-तृण को पुलकावलि भर॥

(A) मोर कैसी आवाज़ करते हैं?

(B) आकाश में बादल क्या करते हैं?

(C) पद्यांश में दिये गये किन्हीं तीन प्राणियों के नाम लिखिए।

(D) वर्षा की बूंदों का स्वर कैसा है?

(E) प्रस्तुत पद्यांश के कवि का नाम लिखिए।

https://www.telanganaboard.com

12. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए।

माँ --- जा सकती हूँ मैं दूर-पार, उस झिलमिलाती दुनिया में
ला सकती हूँ वहाँ से चमकीले टुकड़े तेरे सपनों के,
समुंदर की लहरों के थपेड़ों में ढूँढ़ सकती हूँ मैं
मोती और सीपी और नाविकों के किस्से।
कर सकती हूँ माँ, मैं सब कुछ जो रोशनी-सा चमकीला
रंगों-सा चटकीला हो, पर आने तो दे, डर मत माँ --- मुझे आने दे।

(A) अजन्मी लड़की किसे संबोधित कर रही है?

(B) मोती और सीपी कहाँ मिलते हैं?

(C) लड़की चमकीले टुकड़े कहाँ से ला सकती है?

(D) लड़की क्या कर सकती है?

(E) प्रस्तुत पद्यांश के कवि का नाम लिखिए।

13. निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए।

नर समाज का भाग्य एक है
वह श्रम, वह भुजबल है,
जिसके सम्मुख झुकी हुई -
पृथ्वी, विनीत नभ-तल है।
जिसने श्रम-जल दिया उसे

पीछे मत रह जाने दो,
विजीत प्रकृति से पहले
उसको सुख पाने दो।

(A) किसका भाग्य एक है?

(B) नर समाज का भाग्य क्या है?

(C) श्रम करने वालों के सम्मुख क्या झुकी है?

(D) श्रम-जल देने वालों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए?

(E) श्रमिक को क्या पाने का अधिकार है?

https://www.telanganaboard.com

II. ***किन्हीं चार*** प्रश्नों के उत्तर तीन-चार पंक्तियों में लिखिए। 4 x 4

14. सुमित्रानंदन पंत का साहित्यिक परिचय अपने शब्दों में लिखिए।
15. विष्णु प्रभाकर के बारे में आप क्या जानते हैं?
16. लोकगीतों के विकास में स्त्रियों का क्या योगदान है?
17. अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिंदी भाषा क्यों लोकप्रिय बनती जा रही है?
18. लक्ष्मीबाई स्वराज्य की नींव क्यों बनना चाहती है?
19. रैदास की भक्ति की विशेषताएँ लिखिए।
20. वर्षा के समय प्राणियों की प्रतिक्रिया कैसी होती है?
21. बिहारी ने 'कनक-कनक' में क्या अंतर बताया है?

III. ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर आठ-दस पंक्तियों में लिखिए। 1

22. 'माँ मुझे आने दे' कविता के माध्यम से कवयित्री ने समाज को क्या संदेश देने का प्रयास किया है?
23. 'बरसते बादल' कविता के आधार पर प्रकृति का चित्रण अपने शब्दों में कीजिए।
24. मीराबाई की भक्ति की विशेषताओं पर अपने विचार प्रकट कीजिए।

IV. ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर आठ-दस पंक्तियों में लिखिए।

25. अमीना के स्थान पर आप होते तो चिमटा पाकर कैसी प्रतिक्रिया करते?
26. अब्दुल कलाम ने साक्षरता को अधिक महत्व क्यों दिया है?
27. हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालिए।

V. ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर आठ-दस पंक्तियों में लिखिए।

28. 'पर्यावरण और प्रदूषण' विषय पर निबंध लिखिए।

29. सड़कों के किनारों पर अधिक से अधिक पेड़ लगाने का अनुरोध करते हुए संबंधित अधिकारी को पत्र लिखिए।

30. राष्ट्रपति का साक्षात्कार लेने के लिए एक प्रश्नावली तैयार कीजिए।

---

https://www.telanganaboard.com